Published Date:	2 Jul 2026	Publication:	Dastak(Hindi) [Indore]
Journalist:	Bureau	Page No:	4
Circulation:	12,000		

टाटा म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया मल्टी-सेक्टर पैसिव एफओएफ

टाटा एसेट मैनेजमेंट ने टाटा मल्टी-सेक्टर पैसिव एफओएफ लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीम है, जो अलग-अलग उद्योगों के पैसिव इक्विटी म्यूचुअल फंड्स की यूनिट्स में निवेश करती है। इस स्कीम का उद्देश्य पैसिव सेक्टोरल फंड्स और ईटीएफ में समझदारी से बदलाव करके लंबे समय में निवेशकों के पैसे को बढ़ाना है। न्यू फंड ऑफर निवेश के लिए 22 जून, 2026 को खुला और 6 जुलाई, 2026 को बंद होगा। शेयर बाज़ारों ने यह दिखाया है कि बाज़ार में हमेशा एक ही उद्योग नंबर वन नहीं रहता, बल्कि यह लगातार बदलता रहता है और इस पर देश व दुनिया के आर्थिक बदलावों का सीधा असर पड़ता है। अलग-अलग समय पर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, फार्मास्यूटिकल्स, पीएसयू बैंक, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल्टी, मैन्युफैक्चरिंग और कंजम्पशन जैसे उद्योग मार्केट लीडर बनकर उभरे हैं। बाज़ार में सही समय पर इन बदलावों को पहचानना निवेशकों के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। इस लॉन्च के मौके पर टाटा एसेट मैनेजमेंट के चीफ बिज़नेस ऑफिसर आनंद वरदराजन ने कहा, टाटा मल्टी-सेक्टर पैसिव एफओएफ निवेशकों को एक अनुशासित और नियमों पर आधारित सिस्टम देता है। यह सिस्टम अंदाज़े से काम करने की आदत को खत्म करता है।